## एक नजर में

### इंदौर-कोटा राजमार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

**सोयतकलां, 7 जुलाई .** इंदौर-कोटा राजमार्ग पर सालेखेड़ी बीएसएनल टॉवर के सामने दोपहर 1.30 बजे दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और तीन भागों में बट गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार कार सवार बेटमा के निवासी हैं, जो अपने गांव से मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे थे. करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करते रहे, पर एंबुलेंस नहीं पहुंची. वहीं जब निजी वाहन के माध्यम से ले जाने लगे, तब एक साथ तीन एंबुलेंस मौके पर पहुंची. वहीं राहगीरों की मदद से घायलों को सोयतकलां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे. जहां ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया और मौके पर पंचनामा बनाया गया.

### मंडलोई की स्मृति में हुआ नेत्र शिविर



**शुजालपुर, 7 जुलाई .** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर ने स्व. मदनलाल मंडलोई की स्मृति में शिविर संयोजक धर्मसिंह मंडलोई परिवार द्वारा पंचायत भवन ग्राम खाटसुर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया. जिसमें 135 मरीजों की आंखों की जांच डॉ. जसवंत यादव, रोहिणी यादव ने कर 17 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया. जिनको 28 जुलाई शुजालपुर मंडी से बस द्वारा संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा. इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मांगलिक भवन परिसर में जामुन का पेड़ व कदम का पेड़ का पौधारोपण किया गया. केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, श्रीराम परमार, हुकुमचंद मकवाना, लीलाधर मंडलोई, हरपालसिंह खाती, सरपंच नागजी राम देथल, जगदीश आचार्य, कैलाश चौधरी, एलमसिंह परमार, सुनील मुकाती, प्रेमनारायण मंडलोई, जीवन आर्य का सराहनीय सहयोग रहा.

### जन संघ संस्थापक मुखर्जी की जयंती मनाई



**शुजालपुर, 7 जुलाई .** भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर भाजपा नगर मंडल शुजालपुर ने विभिन्न वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किया. सिटी स्थित वार्ड क्रमांक 4 भीमपुरा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया. इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कमलेश राठौर, मनोज सिंह राणा, जुगल किशोर राठौर, केदार सिंह धनगर, नंदकिशोर पुष्पद, रवि पुष्पद सहित वार्ड के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए.

### दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए पेंशनरों का जत्था रवाना




**शुजालपुर, 7 जुलाई .** दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए शुजालपुर से पेंशनर्स का एक दल शनिवार की शाम को विशेष ट्रेन से रवाना हुआ. इन पेंशनरों को स्थानीय नागरिकों ने सुखद यात्रा की कामना करते हुए विदाई दी. बता दें मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया है. यह ट्रेन 5 जुलाई को दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुए, जिसमें पेंशनरों के दल में मदनलाल मालवीय, केएन पाटीदार, रमेश परमार, कमलसिंह जादोन, जगदीश बापू, आरएस सिसोदिया, एनपी श्रीवास्तव, प्रकाश पाटीदार रात्रि के लिए रवाना हुए. यह ट्रेन मध्यप्रदेश के यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी एवं त्रिवेन्द्रम के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराकर 9 दिन बाद वापस आएगी.

### शाजापुर में जल्द पहुंचेगी खाद की नई रेक

**शाजापुर, 7 जुलाई .** शाजापुर जिले में खरीफ मौसम में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में यूरिया का 22000 मेट्रिक टन, डीएपी का 10000 मेट्रिक टन, एनपीके 18000 मेट्रिक टन एवं एसएसपी का 9000 मेट्रिक टन का लक्ष्य, इस प्रकार कुल 59000 मेट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. जिसके विरूद्ध जिले में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में कुल भण्डारण यूरिया 15047, डीएपी 5674, एनपीके 11615 एवं एसएसपी 14039 मेट्रिक टन इस प्रकार कुल 46375 मेट्रिक टन उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने बताया कि अभी जिले में सहाकारिता एवं निजी क्षेत्र में कुल 7917 मेट्रिक टन यूरिया, 4984 मेट्रिक टन डीएपी, 7953 मेट्रिक टन एनपीके एवं 5112 मेट्रिक टन, एसएसपी इस प्रकार कुल 25966 मेट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है. जिसमें यूरिया 7227, डीएपी 785, एनपीके 4239 मेट्रिक टन एवं एसएसपी 7426 मेट्रिक टन कुल 19677 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है. जिले में सभी प्रकार के उर्वरकों की नियमित आपूर्ति की जा रही है. किसान फसल अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग करें. किसी भी संस्था में कोई उर्वरक उपलब्ध न होने की स्थिति में किसान 07364-181 पर कॉल कर अपनी भूमि की जानकारी एवं आवश्यक उर्वरक की मात्रा के बारे में जानकारी देकर टोकन द्वारा उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं. आगामी दो से तीन दिवस में 2710 मेट्रिक टन की डीएपी एवं एनपीके की रेक शाजापुर रेक पाईन्ट पर उपलब्ध होने वाली है. जिसे संस्थागत एवं निजी क्षेत्रों में नियमानुसार वितरित किया जाएगा.

### शिक्षकों को दिया विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण

**शाजापुर, 7 जुलाई .** उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में शाजापुर जिले के शिक्षकों का तीन दिवसीय शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण चल रहा है, जिसमें करीब 106 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं, जो प्रशिक्षण के बाद अपने संकुल स्तर पर संकुल के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे. सोमवार को द्वितीय दिवस में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाजापुर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया. साथ ही सहायक संचालक राजेंद्र शिप्रे द्वारा भी लंच बाद मार्गदर्शन दिया गया. इन शिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स देवनारायण सूर्यवंशी, नरेंद्र सिंह राजपूत, लियाकत खान, एवं डीएसओ बीएल गोयल तथा साथी विभिन्न विधाओं के अलग-अलग कोच समय-समय पर आकर इन शिक्षकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं. इस मार्गदर्शन के तहत आज मुकेश पटेल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सतोलिया ग्राउंड के माध्यम से प्रैक्टिकल रूप से बताया समझाया. साथ ही कबड्डी, वालीबॉल, आर्चरी, भाला फैंक, गोला एवं कई प्रकार के देसी खेल जो हमारे पूर्व समय में खेला करते थे, स्कूलों में खेला करते थे, खिलाए जाते थे, वह कहीं ना कहीं छुप रहे हैं, से वापस जोड़ने हेतु प्रयास करना. जिससे छात्र-छात्राएं जो वर्तमान में मोबाइल की ओर जा रहे हैं, उसे

# जिसे पूजा जाता है, उसे ही गंदा करने में कसर नहीं छोड़ रहे

## जमधड़ नदी की दुर्दशा, सरेआम गंदगी पहुंच रही पेयजल में, किसी को चिंता नहीं

**शुजालपुर, 7 जुलाई. शहर के मध्य से गुजरने वाली जीवनदायनी मां जमधड़ नदी, जिसे वर्ष में एक बार भव्य आयोजन कर पूजा जाता है. उसी नदी के जल को वर्षभर गंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही. जनप्रतिनिधि व अधिकारी विगत कई वर्षों से शहर से निकलने वाले गंदे पानी और गंदगी को नदी में मिलने से रोकने के लिए करोड़ रुपए की लागत वाली योजना मंजूर होने की बात तो करते हैं, लेकिन वास्तविकता में नदी में बहने वाली जलधारों को शहर से निकलने वाला गंदा पानी और गंदगी दूषित कर रही है.**



बड़े आश्चर्य की बात है कि गत माह प्रदेशभर में जोर-शोर पर जल गंगा संवर्धन अभियान मनाया गया. शाजापुर जिले में भी इसको लेकर आयोजन हुए, स्थानीय नगर पालिका ने भी अभियान के नाम पर औपचारिकताएं निभाई. इस अभियान के अंतर्गत मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं जल स्त्रोतों की सफाई के साथ ही जल संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करनी थी, जिस महकमे पर यह दायित्व है, वह स्वयं ही जल संरक्षण व पेयजल को दूषित करने की समस्या को लेकर जागरूक नहीं है. मंडी व सिटी क्षेत्र से गुजरने वाली जमधड़ नदी में मंडी क्षेत्र का गंदा पानी जटाशंकर बांध के पूर्व मिलता है और सिटी में सरेआम बड़े पुल के समीप शहरी क्षेत्र से आने वाले नाले मिलते हैं, तो कचरा व कूड़ा भी इसी नदी में पहुंचता है.

### नेवज में मिलेगा गंदा पानी...

अब यह गंदगी और गंदा पानी आगे जाकर नेवज नदी में मिलेगा. इसी नेवज नदी पर बने बामनघाट का पानी पेयजल के रूप में शहर के हजारों रहवासी पीते है. ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में किस तरह का पेयजल वितरित हो रहा है. यदि इस विषय को लेकर प्रशासन और जवाबदार सजग नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर परिणाम भी नागरिकों को भोगना पड़ सकते हैं.

### चार माह से सूखी थी, तब नहीं की सफाई

यह नदी पिछले चार माह से सूखी हुई थी. इस दरमियान उसकी सफाई की जा सकती थी. अब वर्षाकाल प्रारंभ हो गया, हालांकि जमधड़ नदी में पानी की धारा अभी बहना शुरू नहीं हुई. बड़े पुल के नीचे काफी मात्रा में जमा पानी में गंदगी मौजूद है, जो कि आने-जाने वाले अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी दिखाई देती है, लेकिन इसकी सफाई के लिए कोई इंतजाम करना उचित नहीं समझा,

# अवैध रूप से दौड़ रहे वाहनों पर तत्काल कार्यवाही करें

## विभागीय समन्वय एवं समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**शाजापुर, 7 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय समन्वय एवं समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना परमिट, फिटनेस एवं बीमा के संचालित वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए. साथ ही मुख्य सड़कों पर दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा संबंधी उपाय सुनिश्चित करने के लिए भी कहा.**



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बड़ी ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर स्वयं सफाई व्यवस्था की स्थिति का आकलन करें. कलेक्टर ने छात्रावासों की रिक्त सीटों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी समन्वय स्थापित कर रिक्त सीटों को शीघ्र भरवाना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षक बच्चों के पालकों से संपर्क कर उन्हें छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रेरित करें. सांदीपनि विद्यालय की 10 किलोमीटर परिधि से बाहर के विद्यार्थी छात्रावासों में प्रवेश लेकर विद्यालय में अध्ययन कर सकते हैं. किसी विद्यार्थी को प्रवेश में असुविधा होने पर वे सीएम हेल्पलाइन नंबर 07364-181 पर भी संपर्क कर सकते हैं. बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डिफॉल्टर किसानों को समय पर ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करे. उन्होंने कहा कि एक बार खाता एनपीए हो जाने पर भविष्य में ऋण प्राप्त करने में कठिनाई आती है. बैठक में अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, एसडीएम गुलाना सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

### संतुष्टि के साथ बंद कराएं शिकायत...

मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पर दर्ज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय .सीमा में कार्य पूर्ण करें और डाटा अपलोड करें. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समाधान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ करें. कलेक्टर ने समग्र एवं आधार ई-केवाईसी कार्य की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए इसमें गति लाने के निर्देश दिए. कार्यपालन यंत्रीए पीआईयू को शासकीय महाविद्यालय गुलाना के भवन निर्माण में शेष फिनिशिंग कार्य को आगामी दो सप्ताह में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए.

# ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से बना दी 3 किमी लंबी सड़क

## मार्ग की समस्या को देखते हुए करजू में किया निर्माण



**मोहन बड़ोदिया, 7 जुलाई. मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करजू में ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से 3 किलोमीटर लंबा पत्थरों का मार्ग बना दिया. ग्राम करजू के सुनील आर्य ने बताया कि बारिश के समय हमें खेत पर जाने के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता था एवं एक-एक फीट कीचड़ के मार्ग से हम निकलते थे.**

हमने इसकी सूचना कई बार ग्राम पंचायत को भी दी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. आर्य ने बताया कि मार्ग पर हमने पत्थर डालकर रास्ता सही बना दिया, क्योंकि यह मार्ग 3 किलोमीटर लंबा है. नगर में इसी मार्ग पर भोना जी महाराज का देवस्थान भी है. जहां पर रोजाना ग्रामीण जाते हैं. इस मार्ग को बनाने में कुल 4 लाख का खर्च आया. ग्रामीण बृजमोहन दरवाजे वाले, संजय पाएगा, अशोक खाती, अरविंद आर्य, राधेश्याम आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा है. ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग को खेत सड़क योजना से जोड़ा जाए, ताकि रास्ता और व्यवस्थित बन जाए.

# न्यायालय में दो पहिया वाहनों से आने का संदेश

**शाजापुर, 7 जुलाई. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी द्वारा स्वयं तथा उनके निर्देशन में जिला मुख्यालय शाजापुर के सभी न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के अधिकारीगण आज अपने कर्तव्य स्थल न्यायालय में दो पहिया वाहन बाईक/स्कूटी से उपस्थित हुए.**

साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी द्वारा यह भी निर्धारित किया है कि सभी न्यायाधीशगण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण सप्ताह में 2 दिवस सोमवार एवं शनिवार को अपनी कारों से न आकर दो पहिया वाहन बाइक, स्कूटी, साइकिल का अपनी सुविधा अनुसार उपयोग करेंगे. इस अभियान के द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश ने आमजन से अपील की है कि सभी लोग सप्ताह में कम से कम 2 दिवस यथासंभव अपनी कारों का उपयोग न करके साईकिल अथवा बाइक का उपयोग करें, जिससे न केवल यातायात को कम किया जा सकता है, अपितु ईंधन की भी बचत होगी तथा पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करने में योगदान होगा. न्यायाधीशगण द्वारा ने केवल जनता से अपील की है बल्कि स्वयं भी अपनी सप्ताह में 2 दिवस के लिए अपनी कार का त्याग कर, दो पहिया वाहन से अपने कर्तव्य स्थल पर आकर उक्त अभियान के नियम का पालन किया है.

# शाजापुर जिले की परियोजनाओं का निरीक्षण किया

## महिला एवं बाल विकास संयुक्त संचालक उज्जैन ने की समीक्षा

**शाजापुर, 7 जुलाई. महिला एवं बाल विकास संयुक्त संचालक उज्जैन राजेश मेहरा ने गत दिवस शाजापुर जिले की परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया. मेहरा ने परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनवाड़ी केंद्र भवन निर्माण, कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मानदेय भुगतान की समीक्षा की.**

पोषण ट्रेकर के डेटा की परिशुद्धता पर कार्य करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पोषण ट्रेकर में दर्ज डेटा व संपर्क में दर्ज आंकड़ों में विसंगतियां नहीं होना चाहिए. तब ही हम बच्चों के वजन की स्थिति का सही आंकलन कर पाएंगे. लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत छात्रवृति की पात्र बालिकाओं के खाते डीबीटी इनेबल्ड करने, ईकेवायसी समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कोई भी बालिका छात्रवृति से वंचित न रहे. साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के पात्र हितग्रहियों को लाभान्वित करते हुए आधार व एफआरएस का कार्य एवं पेंडेंसी को सेक्टर स्तर पर मॉनिटरिंग कर सुधारने एवं सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का नियमानुसार एवं तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी, सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान, परियोजना अधिकारी ललित राठौर, नेहा जायसवाल, नेहा चौहान जिला समन्वयक व महिला बाल विकास का समस्त स्टाफ उपस्थित था.

### सतत भ्रमण कर निर्माण कार्य पूर्ण कराएं...

उन्होंने कहा कि पोषण ट्रेकर में दर्ज बच्चों का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सही वजन दर्ज कर रहीं या नहीं, इसका परीक्षण करें. आंगनवाड़ी भवन निर्माण की जानकारी संपर्क एप्प में दर्ज कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो, इसके लिए परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक सतत भ्रमण करें. साथ ही संयुक्त संचालक मेहरा ने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण कर प्रशासक को पीड़ित महिलाओ को अधिक से अधिक लाभप्रदान करने एवं सेंटर पर दी जाने वाली सुविधाओं एवं योजना का प्रचार-प्रसार व्हाट्स एप्प के माध्यम से करने के निर्देश दिए. उन्होंने पीड़ित बालिकाओं व महिलाओं की संवेदनशीलता से आश्रय चिकित्सा व पुलिस सहायता के साथ काउंसलिंग की सेवा, समय सीमा में प्रदाय करने के निर्देश दिए.

**एक नजर में** — श्रावणमास में शिवालयों में बहेगी भक्ति की बयार, एक महीने चलेगा धार्मिक अनुष्ठान का दौर

# ओंकारेश्वर और नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में होगा महारुद्राभिषेक

**सुसनेर, 7 जुलाई. भूतभावन भोलेनाथ का अतिप्रिय मास श्रावण 11 जुलाई से शुरू हो जाएगा. इसी के साथ ही एक महीने तक श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में रमे हुए नजर आएंगे. एक ओर जहां महिलाओं के द्वारा शिव की पूजा करने के लिए अभी से ही शिवालयों में भीड़ उमड़ रही है, तो वहीं दूसरी ओर नगर के शिव मंदिरों में भी श्रावणमास को लेकर समितियों के द्वारा तैयारियां की जा रही है.**



श्रावण माह के चलते शिव का बाग यानी के मेला ग्राउंड स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव और ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पूरे 1 महीने यानि 30 दिनों तक महारूद्राभिषेक किया जाएगा. इन धार्मिक अनुष्ठानों के जरिये क्षेत्र में खुशहाली और अच्छी वर्षा की प्रार्थना भोलेनाथ से की जाएगी. इसकी शुरूआत 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा से होगी. इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन शिवभक्त अलसुबह महादेव का दूध, दही, घी, शहद और पंचामृत से रूद्राभिषेक करेंगे. नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पंडित ब्रह्मप्रकाश भट्ट के द्वारा तो ओंकारेश्वर महोदव मंदिर में पंडित गोविंद शर्मा के द्वारा प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक की क्रिया सम्पन्न करवाई जाएगी. इसके अलावा प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी. श्रावण मास के चारों सोमवार पर महादेव का दोनों शिवालयों में आकर्षक श्रृंगार किया जाकर महाआरती की जाएगी

### इन मंदिरों मे भी होंगे धार्मिक आयोजन

11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह के दौरान नगर में सिंचाई विभाग स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेड़ी के शिव मंदिर, शहर से 10 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित अति प्राचीन पांडवकालीन पंच देवलिया महादेव मंदिर, त्रिवेणी संगम पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर, सत्यनारायण गली स्थित मनकामनेश्वर महादेव, श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में स्थित पीपलेश्वर महोदव मंदिर, कंठाल नदी में विराजित महादेव घाट, जयेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी सावन के चारों सोमवार पर आकर्षक श्रृंगार महादेव का किया जाएगा. इसके अलावा इन मंदिरों में जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, रामायण-परायण, भजन संध्या, सुदंरकांड, कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन किए जाएंगे.

### सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण के लिए दी सलाह

**शाजापुर, 7 जुलाई.** वर्तमान में सोयाबीन फसल 15-20 दिन की हो चुकी है और खरपतवार की समस्या आ सकती है, जिससे फसल में 30-40 प्रतिषत तक नुकसान होने की आशंका है. इसलिए किसान अपनी सुविधानुसार सोयाबीन में खरपतवार प्रबंधन के लिए (डोरा/कुल्पा/हाथ की निंदाई) का प्रयोग करें. कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर द्वारा किसानों को सलाह देते हुए बताया कि चोड़ी पत्ती एवं सकरी पत्ती के खरपतवार के नियंत्रण हेतु खरपतवारनाशी दवा छिड़काव करें. सोयाबीन की क्रांतिक अवस्था 40-45 दिन की होती है. इस दौरान दौरान किसान को खेत नींदा रहित रखना चाहिए. छिड़काव हेतु फ्लेटफैन नोजल का ही प्रयोग करें. केन्द्र प्रमुख डॉ. जीआर अंबावतिया एवं डॉ. डीके तिवारी ने खरपतवार नियंत्रण हेतु दवाओं के प्रयोग की सलाह दी.